SATSANG PREMI

दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना भजन लिरिक्स

Duniya Chale Na Shri Ram Ke Bina Lyrics

दुनिया चले ना श्री राम के बिना,
राम जी चले ना हनुमान के बिना ।

जब से रामायण पढ़ ली है,
एक बात मैंने समझ ली है,
रावण मरे ना श्री राम के बिना,
लंका जले ना हनुमान के बिना ॥

लक्ष्मण का बचना मुश्किल था,
कौन बूटी लाने के काबिल था,
लक्ष्मण बचे ना श्री राम के बिना,
बूटी मिले ना हनुमान के बिना ॥

यह भी पढ़े: तेरे मन में राम, तन में राम

Duniya Chale Na Shri Ram Ke Bina Bhajan in Hindi

सीता हरण की कहानी सुनो,
बनवारी मेरी जुबानी सुनो,
वापिस मिले ना श्री राम के बिना,
पता चले ना हनुमान के बिना ॥

बैठे सिंघासन पे श्री राम जी,
चरणों में बैठे हैं हनुमान जी,
मुक्ति मिले ना श्री राम के बिना,
भक्ति मिले ना हनुमान के बिना ॥

SATSANGPREMI.COM